# सूरौठ कस्बा सहित आसपास क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, पेड़ गिरे

## बाजरे की फसल को नुकसान पहुंचा, सड़कों व निचले इलाकों में पानी भरा

**सूरौठ,** (निसं)। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को अचानक मौसम ने करवट ली। दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का दौर शुरू होते ही लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। करीब काफी देर तक हुई बारिश से कस्बे की सड़कें पानी से तरबतर हो गईं तथा निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। बारिश के साथ चली तेज हवाओं के कारण कस्बे और आसपास के कई स्थानों पर पेड़ एवं पेड़ों की बड़ी-बड़ी टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। इससे कुछ मार्गों पर आवागमन प्रभावित हुआ और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह लोगों ने सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ किया।



सूरौठ क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई बरसात में कई जगह पेड़ गिर गये।

- **आवागमन प्रभावित हुआ, कई जगह लोगों ने सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ किया**

जानकारी के अनुसार कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज हवा और बारिश का असर खेतों में खड़ी बाजरे की फसल पर भी देखने को मिला। क्षेत्र में कई स्थानों पर बाजरे की फसल आड़ी पड़ गई। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि फसल पकने के समय तेज हवाओं के साथ बारिश होने से फसल को नुकसान की आशंका बनी हुई है। हालांकि बारिश से खेतों में नमी आने से अन्य फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद भी है। बारिश के बाद कस्बे के तापमान में गिरावट आने से मौसम काफी सुहाना हो गया।

लंबे समय से तेज गर्मी और उमस झेल रहे लोगों ने बारिश का आनंद लिया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय बाद अच्छी बारिश होने से वातावरण में ठंडक आई है। हालांकि तेज हवाओं के कारण पेड़ों के गिरने और बाजरे की फसल के आड़े पड़ने से किसानों को नुकसान की चिंता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त मार्गों और जलभराव वाले स्थानों की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# पावटा क्षेत्र में मेले की झांकी के दौरान हादसा, सात घायल

**पावटा,** (निसं)। गांव बुचारा में भोमिया जी महाराज के मेले के दौरान निकाली जा रही झांकी के साथ चल रहे पदयात्रियों के बीच अचानक हादसा हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में दो पदयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पांच अन्य महिलाओं को भी चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार भोमिया जी महाराज के मेले को लेकर श्रद्धालुओं की ओर से झांकी निकाली जा रही थी। झांकी के साथ बड़ी संख्या में पदयात्री भी चल रहे थे। इसी दौरान हुए हादसे में मनीषा (25) और अक्षिता (7), निवासी बुचारा गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते जयपुर रेफर किया गया। वहीं हादसे में घायल तीन महिलाओं को फ्रैक्चर होने के कारण कोटपूतली जिला अस्पताल भेजा गया, जबकि दो अन्य महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला और उपचार के लिए उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचाने की व्यवस्था की। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। मेले के बीच हुए हादसे से कुछ समय के लिए माहौल में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच अचानक हुए हादसे ने उत्सव के माहौल को कुछ देर के लिए गमगीन कर दिया।

- **बच्ची सहित एक महिला जयपुर रेफर, तीन महिलाओं को कोटपूतली भेजा**

# कारोबारी के खाते से पांच लाख पार

**जोधपुर,** (कासं)। पशु आहार का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति के बैंक खाते से दो बार में पांच लाख रूपए पार हो गए। उसके पास कोई ओटीपी नंबर भी नहीं आया था। खाते से रूपए निकलने की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने साइबर पोर्टल के साथ विवेक विहार पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 2.66 रूपए होल्ड करवा दिए। घटना 14 सितंबर की है। मामले में विवेक विहार थाना पुलिस जांच कर रही हैं।

- **कारोबारी के पास कोई ओटीपी नंबर भी नहीं आया था**

थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि बालाजी नगर विवेक विहार निवासी सुनील विश्नोई पशु आहार का काम करता है। 14 सितंबर को उसके बैंक खाते से दो बार में पांच लाख रूपए पार हो गए। किसी शातिर ने बगैर ओटीपी नंबर भेजे दो बार में यानी पहले 1 लाख फिर 4 लाख रूपए निकाल लिए। पता लगने पर उसके द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दिए जाने के साथ थाने में केस दर्ज कराय गया। थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि पुलिस की साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके 2.66 लाख रूपए होल्ड करवाए हैं। अन्य रकम वापसी के प्रयास जारी है। मामला आईटी एक्ट में दर्ज किया गया है।

# धमकी देकर विवाहिता से दुष्कर्म

## खेत काश्त के लिए रखने वाले मालिक पर दुष्कर्म और पति को शराब में जहर देने का आरोप लगाया

**बीकानेर,** (निसं)। पति और बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। खेत काश्त के लिए रखने वाले मालिक पर दुष्कर्म और पति को शराब में जहर देने का आरोप लगाया गया है।

पीड़िता की ओर से जसरासर थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि जुलाई, 23 में उसकी शादी हुई थी। बाद में खेत मालिक ने पीड़िता और उसके पति को खेत काश्त करने के लिए रख लिया। खेत में ही रहने की जगह दी और 15,000 रुपए महीने देने लगा। इस दौरान खेत मालिक उसके पति को शराब पिलाने लगा और उस पर बुरी नजर रखने लगा। पति को शराब को शराब पिलाकर आदी बना दिया।

आरोप है कि खेत मालिक ने पति और बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पति को शराब पिलाता, खुद भी पीता और उसके साथ दुष्कर्म करता था। खेत मालिक 9 अप्रैल को अपने दोस्त के पास ले गया और वहां 15000 रुपए माह खेत काश्त पर रखा। हर दो दिन में वहां आता और पति को शराब पिलाकर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करता था। परेशान होकर वह अपने ससुराल आ गई तो खेत मालिक यहां भी परेशान करने लगा। उसे वापस खेत पर आने के लिए मजबूर करने लगा। मना किया तो वहां आ गया और पति को शराब में जहर दे दिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पति को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उसकी याददाश्त कमजोर हो गई। एसएचओ राकेश स्वामी ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सीओ नोखा जरनेलसिंह करेंगे।

# सड़क हादसे में छह लोग घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। उदयपुर जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में उदयपुर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक हादसा हो गया। यहां टोल प्लाजा के पास एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार छह लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुजरात के अहमदाबाद में रहने वाले 2 दोस्तों के परिवार के 7 सदस्य इनोवा कार से उदयपुर घूमने आए थे। वापसी के दौरान खेरवाड़ा टोल प्लाजा के पास उनकी कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह टूट गया। हादसे की खबर मिलते ही हाईवे एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची।

# भारत-अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास "युद्ध अभ्यास" बीकानेर व उत्तराखंड में शुरू

## दोनों देश दुश्मन को उसी के घर में घुसकर मारने का अभ्यास करेंगे

**बीकानेर,** (निसं)। भारत-अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास' बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज और उत्तराखंड के औली एक साथ शुरू हुआ। दोनों देश दुश्मन को उसी के घर में घुसकर मारने का अभ्यास करेंगे।

जाकनारी के अनुसार महाजन फील्ड फायरिंग में एक बार तोपें गजर उठीं। युद्धाभ्यास के 22वें संस्करण का उद्घाटन समारोह महाजन और औली विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेना की 14वीं इन्फेंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अमरेश गुंजन और अमेरिकी सेना की 11 वीं एयरबोर्न डिवीजन की पहली इन्फेंट्री ब्रिगेड कॉम्बेट टीम के कमांडर कर्नल बेंजामिन जैकमैन ने दोनों पक्षों के 600-600 जवानों वाले प्रतिभागी दलों को संबोधित किया। यह अभ्यास राजस्थान के औली और महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भी एक ही समय पर आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य पर्वतीय और अर्ध-पर्वतीय क्षेत्रों में एकीकृत युद्ध समूहों के उपयोग के लिए दोनों सेनाओं की संयुक्त सैन्य क्षमता में वृद्धि करना है जिसमें पैदल सेना-प्रधान अभियानों पर विशेष बल दिया गया है।

इससे अंतर-संचालनीयता सुदृढ़ होगी, सर्वोत्तम परिचालन पद्धतियों का आदान-प्रदान सुगम होगा और संयुक्त योजना तथा क्रियान्वयन को मजबूत बनाया जा सकेगा। इस अभ्यास में प्रौद्योगिकी के समावेश पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षण में निगरानी और टोही कार्यों के लिए ड्रोन और स्वायत्त प्रणालियों का उपयोग शामिल होगा। साथ ही महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आधुनिक हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। दोनों सेनाओं के विषय विशेषज्ञ उभरती प्रौद्योगिकियों और बहु-क्षेत्रीय युद्ध में हो रहे बदलावों पर भी अपने विचार साझा करेंगे। यह अभ्यास दोनों सेनाओं को रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा और विभिन्न भू भागों तथा परिचालन संबंधी वातावरणों में समन्वित सैन्य कार्रवाइयां करने की उनकी क्षमता को बढ़ाएगा।

# सीकर में सड़क किनारे एक्सीडेंट हुई गाड़ी से 45 किलो डोडा-पोस्त बरामद

**सीकर,** (निसं)। सीकर में सड़क किनारे एक्सीडेंट हुई गाड़ी में 45 किलो डोडा-पोस्त मिला। नेछवा थाना पुलिस ने मौके से आरोपी रामस्वरूप सैन (19) उर्फ महावीर सैन निवासी नरसास को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी को उसके दोस्त ने गाड़ी घर पर ले जाने के लिए दी थी। अब पुलिस फरार दोस्त की तलाश कर रही है।

- **पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार किया, आरोपी को उसके दोस्त ने गाड़ी घर पर ले जाने के लिए दी थी**

नेछवा थाना एसएचओ रमेशचंद मीणा ने बताया कि पुलिस टीम मंगलवार रात को रूटीन गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुन्नी प्याऊ से नरसास जाने वाली सड़क पर रोड किनारे एक्सीडेंट हुई एक गाड़ी मिली। गाड़ी की ड्राइवर सीट पर एक आदमी बैठा हुआ मिला। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने गाड़ी में बैठे युवक से पूछताछ की। उसने अपना नाम रामस्वरूप सैन बताया और कहा कि उसकी गाड़ी अनबैलेंस होकर पलटी खा गई। पुलिस को रामस्वरूप की क्रेटा गाड़ी में 2 प्लास्टिक के कट्टे मिले। जब इन कट्टों की तलाशी ली गई तो उसमें डोडा-पोस्त था। ऐसे में पुलिस ने आरोपी रामस्वरूप को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक्ट में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि आरोपी रामस्वरूप का एक दोस्त रेस्टोरेंट चलाता है। रेस्टोरेंट चलाने वाले उस दोस्त ने ही गाड़ी रामस्वरूप को घर पर ले जाने के लिए दी थी, लेकिन रास्ते में एक्सीडेंट हो गया।

# दुबई भेजने के नाम पर युवक से एक लाख ठगे

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती झंवर स्थित लूणावास खारा गांव में युवक को दुबई भेजने और रोजगार वीजा दिलाने के नाम पर करीब एक लाख रूपए हड़प लिए गए। पीड़ित ने अब झंवर थाने में नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

झंवर पुलिस ने बताया कि विष्णु की ढाणी निवासी रमेश मेघवाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 28 जून को उसकी दुबई जाने को लेकर घेवड़ा निवासी श्याम शर्मा से व्हाट्सऐप पर बातचीत हुई। इसके बाद 30 जून से अलग-अलग तारीखों में फोन-पे के जरिए करीब एक लाख रुपये भेजे गए। आरोपी ने रोजगार वीजा दिलाने और दुबई भेजने का भरोसा दिलाया तथा परिवादी और उसकी पत्नी के मूल पासपोर्ट भी जमा करवा लिए। रिपोर्ट के मुताबिक रकम लेने के बाद आरोपी ने दो दिन में वीजा और टिकट तैयार होने की बात कही थी लेकिन बाद में लगातार तारीखें देता रहा। परिवादी का आरोप है कि पासपोर्ट और रकम वापस मांगने पर भी उसे लगातार आश्वासन दिए जाते रहे। 12 सितंबर को भी व्हाट्सऐप पर संपर्क किया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

# कोटा में ऑटो चालक की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा इलाके में ऑटो के टच होने के मामुली विवाद पर हुई कहासुनी को लेकर ऑटो चालक की हत्या के मामले में नयापुरा पुलिस टीम ने मामले को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करते हुए वारदात के 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि नयापुरा इलाके के जेकेलॉन चौराहे के समीप एक ऑटो चालक मुजाहिद हुसैन की हत्या का मामला सामने आया। मामले में मृतक के भाई ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि उसको उसके भाई मुजाहिद हुसैन के हमले में घायल होने की सूचना मिली, जिस पर अस्पताल पहुंचा जहां पर पता चला कि उसका भाई ऑटो लेकर जेकेलॉन चौराहे के समीप पहुंचा, जहां शराफत हुसैन का ऑटो उसके भाई के ऑटो से अड़ गया जिस पर उसके भाई मुजाहिद हुसैन ने टोका तो दोनों के बीच विवाद हो गया और अचानक से शराफत हुसैन ने कोई नुकीली धारदार हथियारनुमा चीज से उसके भाई पर हमला कर दिया। रिपोर्ट में कहा कि हमले में घायल उसके भाई मुजाहिद हुसैन की उपचार के दौरान मौत हो गई। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा में मामला दर्ज किया, मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने सीसीटीवी फुटैज खंगाले, मामले में टीम ने कार्यवाही करते हुए ऑटो चालक मुजाहिद हुसैन की हत्या के मामले में आरोपी नेहरू कॉलोनी नयापुरा निवासी शराफत हुसैन को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने मामले में अनुसंधान किया तो मामले में सामने आया कि दोनों ऑटो चालक है, दोनों के ऑटो अड़ जाने पर दोनों के बीच विवाद हो गया।

# लाखों के जेवर व नगदी चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के भट्टी की बावड़ी टेंपो स्टैण्ड के नजदीक एक घर में रात के समय चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर के तोले खोले बगैर नगदी और जेवरात ले गए। अलमारी से चाबी को निकाल कर वारदात को अंजाम दिया गया। घटना को लेकर किसी जानकार का हाथ होने की भी आशंका जताई जाती है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अग्रिम जांच चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस की तरफ से की जा रही है।

भट्टी की बावड़ी, टेम्पो स्टैंड के पास निवासी ईश्वर सिंह गहलोत ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 12 सितंबर की सुबह काम पर चले गए थे, जबकि उनकी पत्नी पीहर चली गई थीं। 14 सितंबर की शाम करीब 6 बजे पत्नी घर लौटी और छत पर गई तो गेट के घुमघुमे में टूट-फूट नजर आई। इसके बाद घर की अलमारियां जांचने पर चोरी का पता चला। घर में दो अलमारियां पास-पास रखी थीं। अज्ञात व्यक्ति ने एक अलमारी से चाबी निकाल कर दूसरी अलमारी का लॉक खोला और उसमें रखे गहने व एक लाख रुपये नगद चोरी कर लिए।

# ट्रक से आठ लाख की शराब जब्त

**डूंगरपुर,** (निसं)। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रतनपुर बॉर्डर पर सब्जियों की आड में गुजरात ले जाई जा रही करीब 8 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने ट्रक से 81 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद किए और हरियाणा निवासी ड्राइवर धर्मबीर वाल्मीकि को गिरफ्तार किया है।

सीआई देवेंद्र देवल ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक आईसर ट्रक में गुप्त रूप से अंग्रेजी शराब भरकर गुजरात ले जाई जा रही है। सूचना के बाद पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर सतर्कता बढ़ाई और संदिग्ध ट्रक को रुकवाकर जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान ड्राइवर ने ट्रक में लौकी और अन्य सब्जियां भरी होने की बात कही।

पुलिस ने जब ट्रक की गहराई से तलाशी ली तो ऊपर सब्जियों के कैरेट रखे हुए मिले। पुलिस ने कैरेट हटाए तो उनके नीचे शराब के कार्टन छिपाकर रखे गए थे। सब्जियों के कैरेट हटाने के बाद पुलिस को ट्रक से कुल 81 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब मिली। पुलिस ने शराब और ट्रक को जब्त कर लिया। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब 8 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार शराब उदयपुर की तरफ से गुजरात ले जाई जा रही थी। मामले में ट्रक ड्राइवर धर्मबीर वाल्मीकि को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अब शराब की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# युवक से ठगी

**उदयपुर।** शहर में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। अज्ञात नंबर से आए मैसेज के बाद पीड़ित यशवंत कुमार बोकडिया के मोबाइल पर अचानक 20.25 ओटीपी आने लगे। कुछ समझ पाता, इससे पहले ही अलग-अलग बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड से रकम डेबिट होने के मैसेज मोबाइल पर आने लगे। कुछ ही समय में 2.42 लाख की राशि निकल गई।

# डॉ. सूरज सिंह नेगी और निहाल सिंह लाम्बा सम्मानित होंगे

**जयपुर।** डॉ. ओ. पी. शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट चूरू की ओर से 20 सितम्बर को चूरूके दादू भवन में ट्रस्ट का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा।

प्रबंधन ट्रस्टी डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. सूरज सिंह नेगी को मनुज साहित्य सम्मान 2026 और पर्यावरण संरक्षक निहाल सिंह लाम्बा को सावित्री देवी सेवा सम्मान 2026 अर्पित किया जायेगा। समारोह के अध्यक्ष डॉ. मंजू शर्मा, प्राचार्य राजकीय लोहिया महाविद्यालय और सूत्रधार साहित्यसेवी, विचारक प्रोफ़ेसर कमल कोठरी होंगे।

# गंभीर नदी के पानी से श्रीमहावीरज़ी कस्बे का मुख्य बाजार लंबे समय से प्रभावित

**श्रीमहावीरजी/करौली,** (निसं)। गंभीर नदी में पानी भरे रहने से श्री महावीर ज़ी कस्बे का मुख्य बाजार लंबे समय से प्रभावित है। नदी के दूसरी ओर बसे एक दर्जन से अधिक गांवों का कस्बे से संपर्क बाधित होने के कारण व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कस्बावासियों ने सुरक्षित आवागमन के लिए गंभीर नदी पर कोजवे निर्माण की मांग की है।

कस्बावासी दिनेश पमड़ी ने बताया कि बरसात के दिनों के साथ भगवान महावीर के जलाभिषेक के दौरान नदी में पानी रहने से पार के गांवों के लोगों का श्रीमहावीरजी आना-जाना मुश्किल हो जाता है। लोगों को घूम कर दूसरे रास्ते से आना पड़ता है। इससे वर्ष में करीब दस माह तक मुख्य बाजार प्रभावित रहता है। जैन धर्मावलंबियों को मंदिर दर्शन के लिए आने-जाने में भी परेशानी होती है। नदी में पानी होने के बावजूद कई लोग जोखिम उठाकर आवागमन करते हैं। करीब दो वर्ष पहले एक जैन परिवार का चौपहिया वाहन नदी के पानी में बह गया था, जिसमें एक वृद्धा की मौत हो गई थी। इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकलने से खतरा बना हुआ है। ऊंटगाड़ी चालक अभी भी यात्रियों को लेकर शांतिवीर नगर के दर्शन कराने के लिए नदी के पानी से होकर गुजर रहे हैं।



गंभीर नदी में पानी भरे रहने से एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है।

- **नदी के दूसरी ओर बसे एक दर्जन से अधिक गांवों का कस्बे से संपर्क बाधित होने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है**
- **कस्बावासियों ने प्रशासन और सरकार से सुरक्षित आवागमन के लिए गंभीर नदी पर कोजवे निर्माण कराने की मांग की**

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की ओर से प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कस्बावासियों ने प्रशासन और सरकार से जल्द कोजवे निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# प्रदेशभर के 40 हजार सरकारी स्कूलों में 85 हजार कमरे जर्जर अवस्था में

## बीकानेर संभाग के 574 स्कूलों में 3461 कमरे जर्जर

**बीकानेर,** (निसं)। संभाग के बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के 574 राजकीय स्कूलों में 3461 कमरे क्षतिग्रस्त हैं। इनमें 221 स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर और असुरक्षित घोषित किए जा चुके हैं। जर्जर भवनों और कमरों को गिराकर जमींदोज करने की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही आगामी बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था को लेकर भी चुनौती खड़ी हो गई है। बीकानेर जिले में 94 स्कूल जर्जर घोषित हैं और इनमें 1998 कमरे क्षतिग्रस्त हैं। प्रदेशभर के लगभग 40 हजार सरकारी स्कूलों में जर्जर और क्षतिग्रस्त कमरों की संख्या 85 हजार से अधिक बताई जा रही है। एडीपीसी समग्र शिक्षा कृष्ण कुमार विश्नोई ने इन जर्जर स्कूलों और कक्षा-कक्षों को गिराने तथा मलबे के निस्तारण के लिए मंजूरी दी है।

- **माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी संभागों से जर्जर और असुरक्षित स्कूल भवनों की स्थिति की रिपोर्ट तीन दिन में मांगी है**

कक्षा-कक्षों के हटने से कई स्कूलों में नियमित कक्षाओं के संचालन के साथ बोर्ड परीक्षा के दौरान अतिरिक्त परीक्षार्थियों को बैठाने की क्षमता भी कम होगी। हनुमानगढ़ में 365 स्कूलों के 1032 कमरे तथा श्रीगंगानगर में 115 स्कूलों के 431 कमरे जर्जर हैं। उधर, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने राजकीय विद्याालय भवनों की सुरक्षा को लेकर सभी संभागों से जानकारी मांगी है। संयुक्त निदेशक (प्रशासन) माध्यमिक शिक्षा राजस्थान महेंद्र कुमार शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि अंतिम रूप से जर्जर घोषित विद्यालय भवनों को जमींदोज किए जाने तथा जर्जर भवनों में संचालित स्कूलों की सूचना निर्धारित प्रारूप में तीन कार्यदिवस में भेजी जाए।

श्रीडूंगरगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाना में 20 में से 11 कमरे जर्जर घोषित किए जा चुके हैं। इन्हें जमींदोज करने की स्वीकृति मिल गई है। पिछले साल यहां 275 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था थी, लेकिन अब संस्था प्रधान ने आगामी बोर्ड परीक्षा में अधिकतम 172 विद्यार्थियों के आवंटन का आग्रह किया है। जर्जर कमरों के हटने से परीक्षा क्षमता में 103 विद्यार्थियों की कमी होगी। बज्जू खालसा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चारणवाला में चार कक्षा-कक्ष क्षतिग्रस्त हैं। पिछले साल यहां दसवीं बोर्ड परीक्षा में 120 परीक्षार्थी बैठे थे। इस बार संस्था प्रधान ने सुरक्षित कक्षों की उपलब्धता को देखते हुए केवल 96 विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था के अनुरूप आवंटन का आग्रह किया है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी संभागों से जर्जर और असुरक्षित स्कूल भवनों की स्थिति की रिपोर्ट तीन दिन में मांगी है। रिपोर्ट में यह जानकारी भी देनी होगी कि जर्जर भवनों को जमींदोज किया गया है या नहीं। इससे प्रदेश में ऐसे भवनों की वास्तविक स्थिति सामने आने की उम्मीद है।